भारत सरकार
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 1148
उत्तर देने की तारीख 23 मार्च, 2012

छत्तीसगढ़ में टेलीफोन और मोबाइल का खराब नेटवर्क

1148. श्री श्रीगोपाल व्यास :
क्या संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि छत्तीसगढ़ में दूरभाष तथा मोबाइल उपभोक्ताओं को खराब नेटवर्क, खराब आवाज, आदि अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा इसके कारण के रूप में यह भी जानकारी प्राप्त है कि राज्य में मोबाइल तथा लैंडलाइन में कॉमन स्टाफ है तथा मोबाइल टावरों की संख्या मानकों से बहुत कम है;

(ख) यदि हां, तो समस्या के समाधान के लिए अब तक क्या प्रयास किए गए हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो प्रस्तावित भावी योजना क्या है ?

उत्तर

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मिलिंद देवरा)

(क) से (ग) छत्तीसगढ़ में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के टेलीफोन एवं मोबाइल फोन उपभोक्ताओं द्वारा सेवा की गुणवत्ता से संबंधित कुछ समस्याओं का सामना किया जा रहा है। तथापि, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की वायरलाइन एवं मोबाइल नेटवर्क की सेवा संबंधी गुणवत्ता सामान्यतः संतोषजनक है। प्रचालन दक्षता को उच्चतम सीमा तक बढ़ाने के लिए विभिन्न स्तरों पर लक्ष्य सहित टेलीफोन एवं मोबाइल सेवाओं को बनाए रखने के लिए बीएसएनएल द्वारा विशेष या सामान्य दल नियुक्त किए गए हैं। बीएसएनएल द्वारा बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) मौजूदा मांग, वाणिज्यिक/तकनीकी व्यवहार्यता एवं अन्य कारक जैसे भूभाग, सुरक्षा इत्यादि के आधार पर लगाए गए हैं।

*****